

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-12.03.2025 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | श्री प्रमोद कुमार, स०वि०स०<br>श्री जनक सिंह, स०वि०स०<br>श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, स०वि०स०<br>श्री हरि नारायण सिंह, स०वि०स०<br>श्री संजीव चौरसिया, स०वि०स०<br>श्री दामोदर रावत, स०वि०स०<br>श्री लखेंद्र कुमार रौशन, स०वि०स० | ''बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड अन्तर्गत पूरे राज्य पैमाने पर 45000 (पैंतालीस हजार) एकड़ भूमि विभिन्न मठ, मंदिर, धर्मशाला की है । ये सभी भूमि अंचल अधिकारी के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा न्यास को वर्ष 2021-22 में समर्पित किया गया है, जिसे विभागीय पोर्टल पर लोड करना था, परन्तु सभी जानकारी पोर्टल पर अबतक लोड नहीं हुआ है ।<br>अतः राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अपने दिये हुए जानकारी को अपने विभागीय पोर्टल एवं न्यास के पोर्टल पर लोडकर जानकारी उपलब्ध कराते हुए भू-माफियों से भूमि मुक्त कराने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।'' | राजस्व एवं भूमि सुधार |

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2. | श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन, स०वि०स०<br>श्री अजय कुमार, स०वि०स०<br>श्री शमीम अहमद, स०वि०स<br>श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, स०वि०स० | ''राज्य में बनने वाले राजमार्ग / एक्सप्रेसवे के निर्माण में भूमि का अधिग्रहण किया जाना आवश्यक है, लेकिन राजमार्ग भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1956 के प्रावधानों के तहत् मंदिर, मस्जिद, कब्रिस्तानों एवं सघन आबादी वाले इलाके को कम नुकसान पहुँचाना निहित है ।<br>भारतमाला परियोजना अंतर्गत हाजीपुर-दरभंगा (NH-119D) के KM 32 से 65 पैकेज अंतर्गत ताजपुर अंचल अंतर्गत मौजा शाहपुर बघौनी एवं मौजा मोहिउद्दीनपुर में वर्तमान एलाइनमेंट में तीन मस्जिद, दो कब्रिस्तान एवं एक श्मशान तथा 150-200 से अधिक परिवारों का निवास है एवं आम जनता में काफी आक्रोश है, जिससे विधि व्यवस्था बिगड़ने की भी संभावना है ।<br>अत: ताजपुर अंचल अंतर्गत मौजा शाहपुर बघौनी एवं मौजा मोहिउद्दीनपुर के एलाइनमेंट में थोड़ा डाइवर्ट करने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।'' | पथ निर्माण |

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-08/25- 166 /वि०स०, पटना, दिनांक- 11 मार्च, 2025 ई०।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(संजय कुमार) 11.3.2025
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-08/25- 166 /वि०स०, पटना, दिनांक- 11 मार्च, 2025 ई०।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्रिगण के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमश: माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्रिगण एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(संजय कुमार) 11.3.2025
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-08/25- 166 /वि०स०, पटना, दिनांक- 11 मार्च, 2025 ई०।

प्रति:- मुख्य सचिव, बिहार / महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / **राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एवं पथ निर्माण विभाग** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(संजय कुमार) 11.3.2025
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-08/25- 166 /वि०स०, पटना, दिनांक- 11 मार्च, 2025 ई०।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / प्रभारी सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

11.3.2025
(संजय कुमार)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।
डाकितमाक
11.03.2025